**पाठ 1. प्रार्थना**

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–
   - क. पर्वत हमें अपनी तरह सिर उठाकर ऊँचे बनने का संदेश देता है।
   - ख. मन में गहराई लाने की बात सागर कहलाता है।
   - ग. नभ (आकाश) ने संसार को ढकने की बात कही है।
   - घ. तरंगें हमसे कहती हैं कि अपने मन में मीठी–मीठी कोमल उमंगे भर लो।
   - ङ. धरती कहती है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में हमें धैर्य नहीं छोड़ना चाहिए चाहे हमारे सिर पर कितनी भी मुसीबतें क्यों न आ जाएँ।
2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–
   - क. मन में गहराई लाने का अर्थ है कि हमें अपने मन में गंभीरता, स्थिरता और सहनशीलता लानी चाहिए।
   - ख. कितनी ही हो सिर पर भार का अर्थ है कि जीवन में कितनी भी कठिनाइयाँ क्यों न आ जाएँ, हमें हमेशा सिर उठाकर, यानि आत्म–सम्मान और गर्व के साथ, आगे बढ़ते रहना चाहिए।
   - ग. नभ हमें संसार को ढकने की प्रेरणा यह कहकर देता है कि हमें अपने व्यक्तित्व को इतना महान बनाना चाहिए कि हम पूरे संसार को अपने ज्ञान, प्रेम और कर्मों से ढक सकें।
   - घ. पर्वत हमें सम्मान और गर्व के साथ आगे बढ़ने का पाठ पढ़ाया है तथा सागर, प्रत्येक परिस्थिति में सभी उड़चनों ें पने आप को सामान्य बनाए रखने का संदेश देता है। हमें अपने मन में गहराई लानी चाहिए ताकि हमारी भावना को कोई भी व्यक्ति आसानी से समझ ना सके।
3. सही उत्तर पर सही ( ) का निशान लगाइए–

   क. (iii) धीरज    ख. (ii) संसार    ग. (ii) मन में
4. 'हा' या 'नहीं' में उत्तर दीजिए–

   क. हाँ    ख. हाँ    ग. नहीं    घ. नहीं

भाषा–ज्ञान

1. अनेक शब्दों के लिए उपयुक्त एक शब्द को वर्ग–पहेली में से ढूँढ़कर लिखिए–
   - क. अदृश्य
   - ख. अत्याचारी
   - ग. अनपढ़
   - घ. नभचर
   - ङ आज्ञाकारी
   - च. साप्ताहिक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | न | प | ढ़ | ना | चाँ |
| त्या | भ | अ | दृ | श्य | रा |
| चा | च | न | भ | च | र |
| री | र | सा | प्ता | हि | क |
| ना | स | आ | ज्ञा | का | री |

2. सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए–

क. मैं तुम्हारा ख. हमारा ग. यह हम सबका घ. आपका ङ. यह हमारा

3. उचित क्रिया छाँटक खाली स्थानों में लिखिए–

क. पढ़ रहा है। ख. जा रहा है। ग. कूद रहा है। घ. पहने थे। ङ. रो रहा था।

च. खाऊँगा छ. बनाया।

रोचक क्रियाकलाप

1. वर्ग पहेली से कुछ प्रसिद्ध बाल पत्रिकाओं के नाम चुनकर लिखिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बा | ल | वा | टि | का |
| ल | न | भ | च | र |
| हं | चं | ल | क | ८ |
| स | प | प | म | लू |
| कों | द | या | क | टो |

बाल वाटिका

चंपक

बाल हंस

2. स्वयं कीजिए।

---

## पाठ 2. दरज़ी की शरारत

### अभ्यास

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–

क. अहमद एक दरज़ी था।

ख. दुकान के सामने हाथी खड़ा था।

ग. अहमद रोज़ हाथी को एक रोटी देता था।

घ. हाथी ने दरज़ी पर गंदा पानी डाला।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

क. एक दिन अहमद ने हाथी को एक रोटी दी। उस दिन से हाथी रोज़ दरज़ी की दुकान पर रुकने लगा। वह खिड़की में से सूँड़ उठाकर बढ़ाता और दरज़ी रोज उसे रोटी दे देता।

ख. एक दिन अहमद को शरारत सूझी। उसने रोटी की जगह सूँड़ में सूई चुभो दी। हाथी को बहुत बुरा लगा।

ग. चुपचाप नदी पर नहाने चला गया। पर लौटते हुए उसने अपनी सूँड़ में बहुत सारा कीचड़ भर लिया। दरजी दुकान में बैठा कपड़े सिल रहा था। हाथी ने आकर उस पर गंदा पानी छोड़ दिया। दुकान के सारे कपड़े खराब हो गए। अब अहमद को अपनी शरारत पर बहुत पछतावा हुआ।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

क. नदी ख. एक रोटी ग. सूई घ. गंदा

### भाषा-ज्ञान

1. उल्टे अर्थवाले शब्द लिखिए–

क. बुरा ख. कभी-कभी ग. मरना घ. कुरूप

ख. वचन बदलिए–

क. दुकानें ख. रोटियाँ ग. नदियाँ घ. सूँड़ें

### रोचक क्रियाकलाप

स्वयं कीजिए।

## पाठ 3. वर्षा ऋतु

### अभ्यास

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–

   क. आकाश में बादलों को देखकर सभी प्राणी खुशी ने नाच उठते हैं।

   ख. वर्षा होने पर धरती पर हरियाली छा जाती है।

   ग. वर्षा ऋतु में रक्षा–बंधन का पर्व मनाया जाता है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

   क. गरमियों के दिनों में सब पशु–पक्षी व्याकुल हो जाते हैं। पेड़–पौधे सूख जाते हैं। सारी भूमि तप जाती है। इससे तालाब सूख जाते हैं, और नदियों व कुओं का पानी भी सूखकर कम हो जाता है। हरी–भरी सब्ज़ियाँ भी मुश्किल से मिलती हैं।

   ख. तब सूर्य की किरणों से समुद्र का जल भाप बनता है। ऊपर उठकर यही भाप बादल का रूप ले लेती है। बादल पहाड़ों से टकराकर वर्षा करते हैं।

   ग. अत्यधिक वर्षा होने से बाढ़ आ जाती है। इससे पशु व जीव पानी में बह जाते हैं। खेत आदि भी पानी में डूब जाते हैं और फसलें नष्ट हो जाती हैं।

   घ. भीषण गरमी के पश्चात् होने वाली वर्षा से सभी प्राणी खुशी से नाच उठते हैं।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

   क. वर्षा   ख. मोर   ग. बाढ़   घ. धरती   ङ. बच्चे

4. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

   क. बादलों को देखकर मोर नाच उठते हैं।

   ख. अधिक वर्षा होने से बाढ़ आ जाती है।

   ग. वर्षा होने से धरती पर हरियाली छा जाती है।

   घ. गाय पालतू पशु है।

   ङ. बच्चे कागज़ की नाव चलाते हैं।

### भाषा–ज्ञान

1. विलोम शब्द लिखिए–

   सरल – कठिन   देना – लेना   गर्मी – सरदी   मधुर – कर्कश या कटु

   नया – पुराना   बड़ा – छोटा

2. स्वयं कीजिए।

### रोचक क्रियाकलाप

स्वयं कीजिए।

## पाठ 4. क्रोध का त्याग

### अभ्यास

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-
   - क. कौरवों और पांडवों के गुरु, गुरु द्रोणाचार्य थे।
   - ख. गुरु द्रोणाचार्य धनुर्वेद की शिक्षा की शिक्षा के साथ सदगुणों के प्रति दृढ़ रहने की सीख देते थे।
   - ग. युधिष्ठिर को पाठ याद नहीं था।
   - घ. गुरुजी ने युधिष्ठिकर को आठ-दस डंडे लगाए।
   - ङ. युगों-युगों तक युधिष्ठिर का नाम चमकता रहेगा।
2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
   - क. द्रोणाचार्य पांडवों और कौरवों के गुरु थे। धनुर्वेद की शिक्षा के साथ-साथ वे अपने शिष्यों में सद्‌गुणों के प्रति दृढ़ रहने की आदत भी डालना चाहते थे।
   - ख. युधिष्ठिर और अन्य विद्‌यार्थियों को गुरुजी ने पाठ याद करने के लिए कहा। परंतु युधिष्ठिर को लगातार दो दिन तक पाठ याद नहीं हुआ। वह वही उत्तर दोबारा सुना देता, इस पर गुरुजी को उस पर क्रोध आ गया।
   - ग. गुरुजी ने आठ-दस बार डंडे से युधिष्ठिर के हाथों को पीटा। उसके हाथ लाल हो गए किंतु उसके मुख पर शांति और गुरु के प्रति निष्ठा के भाव बने रहे।
   - घ. युधिष्ठिर की बात सुनकर गुरु द्रोण ने सिर उठाया और उसकी आँखों में देखा। वे उसके मन के भावों को समझ गए। उन्होंने उसे गले लगा लिया और आशीर्वाद देते हुए बोले, 'युधिष्ठिर! तुम ही मेरे अच्छे शिष्य हो। अपने आदर्शों का कभी त्याग न करना। युग-युग तक तुम्हारा नाम चमकता रहेगा।''
3. किसने, किससे कहा?-
   - क. गुरु द्रोणाचार्य में युधिष्ठिर से कहा।
   - ख. युधिष्ठिर ने गुरुजी से कहा।
   - ग. गुरुजी ने युधिष्ठिर से कहा।

### भाषा-ज्ञान

1. बहुवचन में बदलिए-

   क. वे ख. शिष्यों ग. अनेक घ. सदियाँ

2. उदाहरण के अनुसार वाक्य बदलिए-

   क. मैं लिख सकती हूँ। ख. वह बोल सकती है।

   ग. अनीता तैर सकती है। घ. सुरेंद्र चल सकता है।

3. लिंग बदलिए-

   क. शिष्या ख. छात्रा ग. पुत्री घ. बालिका

4. समान अर्थ वाले शब्द लिखिए-

   क. छात्र ख. शिक्षक ग. गुस्सा घ. नयन ङ. चेहरा च. अंत

**रोचक क्रियाकलपलाप**

स्वयं कीजिए।

---

**पाठ 5. सहयोगी मित्र**

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

    क. रामपुर गाँव में दो अपाहिज लड़के रहते थे।

    ख. मोहित पैर से अपंग था और सतीश देख नहीं सकता था।

    ग. मोहित पढ़ना चाहता था।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

    क. पैर से अपंग लड़के का नाम मोहित और जो देख नहीं सकता था उसका नाम सतीश था। दोनों एक दूसरे के पड़ोसी थे। दोनों के माता-पिता खाने और रहने के लिए कठिन परिश्रम करते थे। उसके पास उन्हें स्कूल लाने-ले जाने का समय नहीं था, जिससे वे स्कूल नहीं जा पाते थे।

    ख. एक दिन मोहित को एक उपाय सूझां वह सतीश से बोला-हम दोनों स्कूल जा सकते हैं। तुम मुझे अपने सहारे स्कूल तक ले जा सकते हो। मैं तुम्हें रास्ता दिखाऊँगा। मैं ऊँची आवाज़ में पाठ को बार-बार पढ़ूँगा। तुम सुनकर भी पाठ याद कर सकते हो। इस प्रकार हम दोनों पढ़ाई कर सकते हैं।

    ग. अपाहिज होने पर भी उन दोनों ने एक दूसरे का हौंसला बढ़ाया और अगले ही दिन दोनों गाँव के स्कूल गए। उन्होंने प्रधानाध्यापक को अपने विचार बताए। प्रधानाध्यापक यह देखकर बहुत प्रसन्न हुए।

    घ. हर एक मनुष्य को एक-दूसरे के प्रति सहयोग और प्रेम की भावना रखनी चाहिए।

3. 'हाँ' या 'नहीं' में उत्तर दीजिए-

    क. नहीं   ख. हाँ   ग. हाँ   घ. हाँ   ङ. नहीं

**भाषा-ज्ञान**

1. विलोम शब्द लिखिए-

    क. अमीर   ख. सरल   ग. आलस्य   घ. असहयोग   ङ. घृणा   च. शहर

2. वर्तनी शुद्ध कीजिए-

    क. विद्यार्थी   ख. स्कूल   ग. प्रसन्न   घ. प्रेम   ङ. अपंग   च. परिश्रम

3. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

    क. दोनों मित्रों के माता-पिता कठिन परिश्रम करते थे।

    ख. हमें एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए।

    ग. परिश्रम के बिना सफलता नहीं मिलती।

**रोचक क्रियाकलाप**

स्वयं कीजिए।

## पाठ 6. चमत्कारिक मशीन

### अभ्यास

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–

    क. दीपू और रोहित के पिता कंप्यूटर लाने वाले थे।

    ख. पिताजी ने कंप्यूटर अध्ययन कक्ष में लगवाया।

    ग. दरवाज़ा माँ ने खोला।

    घ. कंप्यूटर का जन्मदाता इंग्लैंड के गणितज्ञ चार्ल्स बावेज को कहा जाता है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

    क. कंप्यूटर की सहायता से हम जोड़, घटा, भाग, गुणा पलक झपकते ही कर सकते हैं। इसकी सहायता से हम चित्र भी बना सकते हैं और खेल भी खेल सकते हैं।

    ख. पिताजी ने कंप्यूटर बच्चों के अध्ययन कक्ष में लगवाया, जिससे बच्चे अपने मुश्किल कार्य शीघ्रता से कर सकें।

    ग. कंप्यूअर में लगे मुख्य यंत्र हैं– मॉनीटर, सी पी यू, कीबोर्ड, प्रिंटर, माउस, स्पीकर, यू पी एस आदि।

    घ. कंप्यूटर स्वयं निर्णय नहीं ले सकता है। कंप्यूटर, जो इतने सारे मुश्किल काम शीघ्रता से कर लेता है, उसमें मनुष्य की तरह स्वयं सोच–विचारक निर्णय लेने की शक्ति नहीं होती। वह मानव की सहायता तो कर सकता है, पर उसका स्थान नहीं ले सकता।''

    ङ. विज्ञान की सहायता से मनुष्य ने बहुत–से आविष्कार किए हैं, परंतु मनुष्य के मस्तिष्क के सामने मशीनी मस्तिष्क की पराजय ही होती है।

3. 'हाँ' या 'नहीं' में उत्तर दीजिए–

    क. हाँ     ख. नहीं     ग. नहीं     घ. हाँ     ङ. नहीं

### भाषा–ज्ञान

1. निम्न मुहावरों को चित्रों के साथ जोड़िए–

आँखों में चमक आना



फूट–फूटकर रोना



आँखों का तारा



अंधक की लकड़ी



2. का, की और के जरिए खाली स्थान भरो–

क. की  ख. के  ग. का  घ. के

**रोचक क्रियाकलाप**

स्वयं कीजिए।

---

**पाठ 7. हमेशा साथ रहेंगे**

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–

   क. भारत की धरती हमसब की माता है।

   ख. गंगा नदी हमारी प्यास बुझाने वाली नदी है।

   ग. धरती हरी–भरी है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

   क. हिमालय पर्वत हम सबकी रक्षा करता है। यह जलवायु को नियंत्रत करता है, ठंडी हवाओं को रोकता है और नदियों का स्रोत है।

   ख. हमारे राष्ट्रीय ध्वज को तिरंगा इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसमें तीन रंग हैं: केसरिया, सफेद और हरा।

   ग. कवि 'सबके जीवन का एक रंग' कहकर यह बल देना चाहता है कि सभी मनुष्यों के जीवन में सुख–दुख, प्रेम–नफरत, आशा–निराशा जैसे भाव समान रूप से होते है। सभी मनुष्यों के अनुभव और भावनाएँ एक–दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

   घ. हम सब भारतवासी हमेशा मिलजुलकर साथ रहेंगे।

   ङ. अलग–अलग धर्म होने के बावजूद भी हम सब भारतीय कहलाते हैं और यही भारत देश की सुंदरता और विशेषता है।

3. पंक्तियाँ पूरी कीजिए–

   हिमगिरि सबकी रक्षा करता,
   धरती में हरियाली भरता।
   सबकी प्यास बुझाती रंगगा,
   सबको प्यारा एक तिरंगा।।

**भाषा–ज्ञान**

1. लिंग बताइए–

   ख. पुल्लिग  ग. पुल्लिग  घ. पुल्लिग  ङ. स्त्रीलिंग  च. स्त्रीलिंग

2. आप भी 'कि' तथा 'की' का प्रयोग करते हुए कुछ वाक्य बनाइए–

   कि – माँ ने कहा कि आते समय फल ले आना।

   की – आप की बहन का क्या नाम है?

   कि – मुझे पता है कि तुम कहाँ जा रहे हो।

   की – रोगी की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है।

3. विशेषण शब्दों से खाली स्थान भरिए–

क. राष्टीय  ख. शांत  ग. नीला

**रोचक क्रियाकलाप**

स्वयं कीजिए-

---

## पाठ 8. आओ पेड़ लगाएँ

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

    क. बच्चे गुरुजी के साथ बगीचे में शनिवार वाले दिन गए।

    ख. हवा मंद-मंद चल रही थी।

    ग. नीम का पेड़ गुणकारी है।

    घ. तुषार ने अमरूद का पेड़ लगाया।

    ङ. निशि पानी का झारा उठा लाई।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

    क. बगीचे में नीम, आम, पीपल, खजूर, अशोक आदि के पेड़ थे।

    ख. पेड़-पौधों से वायु शुद्ध होती है। इनसे हमें फल, फूल, लकड़ी आदि अनेक चीज़ें मिलती हैं। इनसे औषधियाँ भी बनती हैं। ये वर्षा भी लाते है। ये वातावरण को स्वच्छ और मनोरम बनाते हैं।

    ग. क्यारियाँ इसलिए बनाई जाती हैं ताकि पौधों के बेहतर विकास हो सके। क्यारियाँ बनाने से मिट्टी की जल निकासी, हवा का संचार और पोषक तत्वों की उपलब्धता में सुधार होता है।

    घ. पेड़-पौधों से ऑक्सीजन मिलता है। अधिक से अधिक पेड़ लगा कर इस धरती को और अधिक सुंदर और सुरक्षित किया जा सकता है।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

    क. बयार  ख. हरी-हरी  ग. गुणकारी  घ. औषधियाँ  ङ. वर्षा

**भाषा-ज्ञान**

1. लिंग बदलिए

    क. भाई  ख. माता  ग. लड़की  घ. माली  ङ. धोबी  च. साला

2. बहुवचन में बदलिए-

    क. बकरे  ख. गधे  ग. कमरे  घ. लड़के  ङ. साड़ियाँ  च. पौधे

**रोचक क्रियाकलाप**

स्वयं कीजए।

**पाठ 9. अच्छा व्यवहार**

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

   क. चिंटू और मोनू का घर एक ही मुहल्ले में था।

   ख. मोनू के पापा रिक्श चालक थे।

   ग. झील के पास वाले रास्ते से मोनू अपने चाचा के घर जा रहा था।

   घ. चिंटू को मोनू ने बचाया।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

   क. चिंटू अपने दोस्तों को खाना खिलाने पर पैसे खर्च करता था, इसलिए वह थोड़ा घमंडी भी था।

   ख. मोनू गरीब था, पर व्यवहार का अच्छा और भोला-भाला था। वह सब की बात मानता था। ज़जरूरत पड़ने पर वह किसी की भी मदद के लिए तैयार रहता था। उसके अच्छे व्यवहार के कारण सभी उसे प्यार भी करते थे।

   ग. एक दिन चिंटू दोस्तों के साथ झील वाले पार्क में पिकनिक मनाने गया।

   घ. झील के पास वाले रास्ते से मोनू अपने चाचा के घर जा रहा था। उसने देखा कि झील में कई डूब रहा है। 'बचाओ बचाओ' की आवाज़ सुनकर वह झील के पास आया। उसे तैरना आता था। वह तुरंत पानी में कूद गया और चिंटू को खींचकर बाहर निकाला। चिंटू बेहोश था। मोनू घबरा कर चिल्लाने और रोने लगा। आवाज़ सुनकर आसपास के लोग आ गए। चिंटू को अस्पताल ले जाया गया।

   ङ. होश आने पर जब चिंटू को पता चला कि उसको बचाने वाला मोनू है तो उसकी आँखों में आँसू आ गए। वह मोनू से माफ़ी माँगने लगा। तभी डॉक्टर ने कहा, ''बेटे इस धरती पर सभी समान है, रूप-रंग से कुछ नहीं होता, सबसे बड़ा आदमी का व्यवहार होता है।'' चिंटू ने मोनू को गले से लगा लिया।

3. रिक्त स्थान भरिए-

   क. स्कूल ख. शिक्षक ग. व्यवहार घ. दोस्त ङ. झील

4. 'हाँ' या 'नहीं' में उतर दीजिए-

   क. नहीं ख. हाँ ग. हाँ घ. नहीं ङ. हाँ

भाषा-ज्ञान

1. लिंग बताइए-

   क. पुल्लिग ख. स्त्रीलिंग ग. पुल्लिग घ. स्त्रीलिंग ङ. पुल्लिग

   च. स्त्रीलिंग

2. वर्तनी शुद्ध कीजिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| महले | मुहल्ले | वयवहार | व्यवहार | सकूल | स्कूल |
| पीकनीक | पिकनिक | असपताल | अस्पताल | आवाज | आवाज़ |

रोचक क्रियाकलाप

सवयं कीजिए।

**पाठ 10. आभूषणों की भूमि-मणिपुर**

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

क. मणिपुर भारत की पूर्वी दिशा में है।

ख. मणिपुर क्षेत्रफल 22ण 327 वर्ग कि॰मी॰ (8,620.5 वर्ग मील) है।

ग. मणिपुर के प्रमुख त्योहार हैं- लाई हारोबा, रास लीला, चेरओबा, निंगोल चाक-कुबा, रथ यात्रा, ईद-उल-फितर, ईद उल जुहा, कुट त्योहार, इमोइनु, गान-गाँई, लुई-नगाई-नी, यौशांग (होली), दुर्गा पूजा, मेरा होचोंगबा, दीवाली, क्रिसमस आदि हैं।

घ. मणिपुर का शाब्दिक अर्थ 'आभूषणों की भूमि' है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क. मणिपुर में तीन प्रमुख जनजातियाँ निवास करती हैं। घाटी में मीतई जनजाति और विष्णुप्रिया मणिपुरी रहते हैं तो नागा और कूकी-चिन जनजातियाँ पहाड़ियों (पर्वतीय क्षेत्रों) पर रहते हैं। प्रत्येक जनजाति वर्ग की खास संस्कृति और रीति रिवाज़ हैं जो इनके नृत्य, संगीत व पारंपरिक प्रथाओं से दृष्टिगोचर होता है। मणिपुर के लोग कलाकार होते हैं साथ ही सृजनशील होते हैं जो उनके द्वारा तैयार खादी व दस्तकारी के उत्पादों में झलकती है। ये उत्पाद विश्व भर में अपने डिज़ाइन कौशल व उपयोगिता के लिए जाने जाते हैं।

ख. भारत की स्वतंत्रता के पहले मणिपुर एक रियासत था। आज़ादी के बाद यह भारत का एक केंद्र शासित राज्य बना और 21 जनवरी 1972 को एक राज्य का दर्जा मिला।

ग. यहाँ की प्राकृतिक छटा देखने योग्य है। यहाँ तरोताजा करने वाले जल-प्रपात है; रंग-बिरंग फूलों वाले पौधे हैं, दुर्लभ वनस्पतियाँ व जीव-जंतु हैं, पवित्र जंगल है, हमेशा बहने वाली नदियाँ हैं, पर्वतों-पहाड़ियों पर बिखरी हरियाली है और टेढ़े-मेढ़े गिरने वाले झरने हैं। लोकटक झील यहाँ की एक महत्वपूर्ण झील है। यहाँ की कला व संस्कृति समृद्ध है जो विश्व मानचित्र पर इसकी समृद्धि को दर्शाती है।

घ. मणिपुर का राजकीय पशु है- संगाई स्थानिक। यह दुर्लभ और अति संकटग्रस्त ब्रो-ऐन्ट्लर्ड हिरण की एक उप-प्रजाति है। यह केवल मणिपुर में पाया जाता है। इसका वास-स्थल लोकटक झील में तैरते बायोमास है। इन्हें स्थानीय भाषा में 'फुम्डी' कहा जाता है। संगाई जब तैरते बायोमास पर चलता है तो प्रायः अपने-आप को संतुलित करता है। जिससे यह हरी घास पर नृत्य करता हुआ प्रतीत होता है। इसलिए इसे लोकप्रिय रूप में मणिपुर का 'नृत्य करने वाला' रिण कहा जाता है।

3. पाठ के आधार पर रिक्त स्थान भरिए-

क. पूर्वोत्तर ख. जनजातियाँ ग. फुटबॉल घ. 16 ङ. 21 जनवरी

4. सही कथन के आगे (✓) और गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाए-

क. ख. ग. घ. ङ.

भाषा-ज्ञान

1. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए-

क. दिवस ख. आँख ग. वायु घ. जल ङ. प्रभु च. दीपक

2. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए-

क. सम्राज्ञी ख. विदूषी ग. नारी घ. रानी ङ. कवयित्री च. बूढ़ा

रोचक क्रियाकलाप

स्वयं कीजिए।

---

**पाठ 11. मनभावन मोर**

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–
   - क. हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर है।
   - ख. मोर का शरीर चमकीले नीले रंग का होता है।
   - ग. मोर मांसाहारी जीव है।
   - घ. मोर पक्षी को साँप शत्रु कहा जाता है।
   - ङ. मोर को किसानों के मित्र के रूप में जाना जाता है।
2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–
   - क. एक पूँछ होती है जो लंबी, मोटी और भारी होती है। मोर की पूँछ पर लंबे-लंबे और रंग-बिरंगे पंख होते हैं। इन पंखों पर चाँद के आकार जैसे चिह्न बने होते हैं, परंतु इन्हीं भारी पंखों के कारण मोर बहुत ऊँचाई तक नहीं उड़ पाता।
   - ख. मोर के सिर पर एक कलगी होती है जो बिलकुल किसी राजा के मुकुट जैसी लगती है। यह मोर की सुंदरता को अधिक बढ़ा देती है।
   - ग. मोर का शरीर जितना सुंदर होता है, उसके पैर उतने ही पतले-पतले, खुरदुरे और कुरूप होते हैं।
   - घ. अपने पंख फैलाकर चारों ओर चक्कर लगाते हुए नाचने लगता है। मोर का नृत्य इतना सुंदर होता है कि सभी उसे देखते रह जाते हैं।
   - ङ. मोर मांसाहारी जीव है। यह फसलों को बरबाद करनेवाले कीड़े-मकौड़ों को खाता है। इसके अलावा अनाज के दाने तथा नरम फलों के साथ-साथ यह साँपों को भी खाता है इसलिए इसे 'साँ का शत्रु'' भी कहा जाता है।
   - च. मोर साँपों को अपना भोजन मानते हैं, खासकर छोटे साँपों को वह खा जाते हैं। इसलिए मोर को साँप का शत्रु कहा जाता है।
3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

   क. नीले ख. चाँद ग. कलगी घ. वर्षा ऋतु ङ. किसान
4. वाक्यों के सामने (✓) या (✗) लगाइए–

   क. ✓ ख. ✗ ग. ✗ घ. ✓ ङ. ✓

**भाषा-ज्ञान**

1. 'ता' प्रत्यय जोड़कर शब्द बनाइए–

   क. सुदरता ख. निजता ग. मित्रता घ. ममता ङ. शत्रुता च. एकता
2. पर्यायवाची शब्द–

   क. पंछी, खग ख. मेघ, धन ग. भूप, नरेश घ. उपवन, बाग

3. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–

क. अप्रिय ख. कुरूप ग. शत्रु घ. कल ङ. बुरा च. वैध

**रोचक क्रियाकलाप**

स्वयं कीजिए।

---

**पाठ 12. तिरंगा–हमारी शान**

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–

    क. हमारा राष्ट्र–ध्वज तिरंगा के नाम से जाना जाता है।

    ख. हमारे राष्ट्र–ध्वज में तीन रंग हैं– केसरिया, सफेद और हरा।

    ग. सफ़ेद रंग को शांति, सत्य तथा पवित्रता का प्रतीक है।

    घ. हमारे राष्ट्र–ध्वज के बीच में नीले रंग का चक्र बना हुआ है।

    ङ. 15 अगस्त को लाल किले पर राष्ट्र–ध्वज भारत के प्रधानमंत्री द्‌वारा फहराया जाता है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

    क. तिरंगा शब्द का अर्थ है तिरंगा।

    ख. हमारे राष्ट्र–ध्वज में तीन पट्‌टियाँ है। इनमें से सबसे ऊपर की पट्‌टी केसरिया रंग की है, जो बलिदान व त्याग की प्रतीक है। मध्य पट्‌टी सफेद रंग की है। सफेद रंग को शांति, सत्य तथा पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। तिरंगे की तीसरी पट्‌टी हरे रंग की है जो भारत की उन्नति, समृद्‌धि व खुशहाली का प्रतीक है।

    ग. हमारे राष्ट्र–ध्वज के बीच में एक नीले रंग का चक्र बना है। जिसमें चौबीस तीलियाँ हैं। यह चक्र हमें सदैव गतिशील रहने की प्रेरणा देता है।

    घ. तिरंगा प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित लाल किले पर भारत के प्रधानमंत्री द्‌वारा फहराया जाता है। इस दिन भारत के सभी स्कूलों में भी राष्ट्र–ध्वज फहराया जाता है।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

    क. तीन ख. केसरिया ग. सिंह स्तंभ घ. सम्मान

**भाषा–ज्ञान**

1. दिए गए वाक्यों में उचित स्थान पर 'कब', 'कौन', 'कितनी', 'क्या' आदि लगाकर प्रश्नवाचक वाक्य बनाइए–

    ख. हमारे राष्ट्र–ध्वज में कितनी पट्‌टियाँ हैं?

    ग. हमारे राष्ट्रपिता कौन हैं?

    घ. राष्ट्र–ध्वज के बीच बने चक्र को क्या कहते हैं?

    ङ. हमारा देश कब आज़ाद हुआ?

2. पढ़िए समझिए और लिखिए–

    क. राष्ट्रध्वज ख. बलिदान ग. गतिशील घ. प्रधानमंत्री ङ. राष्ट्रपिता च. खुशहाल

3. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–

क. तिरंगा हमारे देश की शान है।

ख. केसरिया रंग त्याग और बलिदान का प्रतीक है।

ग. तिरंगे में एक नीले रंग का चक्र है।

घ. तिरंगा तीन रंग का है।

**रोचक क्रियाकलाप**

स्वयं कीजिए।

---

**पाठ 13. कबीर के दोहे**

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–

   क. खजूर का पेड़ पथिक को छाया तक नहीं देता।

   ख. हमें मीठी वाणी बोलनी चाहिए।

   ग. खजूर के पेड़ को कबीर ने बड़ा बताया है।

   घ. जिन लोगों के घर भगवान की पूजा नहीं वह घर मरघट के समान है।

   ङ. बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय। जो दिल खोजा आपना, मुझे सौ बुरा न कोय।।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

   क. हमें मीठी बोली बोलनी चाहिए क्योंकि मीठी बोली बोलने से ही अपना मन भी शांत और दूसरों का भी।

   ख. वृक्ष स्वयं फल नहीं खाते और अपनी छाया दूसरों को देते हैं। और नदी स्वयं अपना पानी नहीं पीती, बल्कि दूसरों की प्यास बुझाती है।

   ग. जो व्यक्ति हमारे लिए काँटे बोता है (अर्थात् हमें नुकसान पहुँचाता है) हमें उसके लिए फूल बोने चाहिए (अर्थात् हमें उसके साथ भी भलाई ही करनी चाहिए)

3. निम्नलिखित पंक्तियों के अर्थ लिखिए–

   क. हमें ऐसी मधुर और विनम्र वाणी बोलनी चाहिए जिससे हमारा अहंकार समाप्त हो जाए। ऐसी वाणी न केवल दूसरों को शांति और शीतलता प्रदान करती है, बल्कि स्वयं बोलने वाले को भी शांति और प्रसन्नता का अनुभव कराती है।

   ख. जो व्यक्ति आपके लिए काँटे बोता है, यानि आपका बुरा चाहता है, आपको उसके लिए फूल बोना चाहिए, यानि उसका भला करना चाहिए। इसका परिणाम यह होगा कि आपको जो उस अच्छे कर्म का फल (फूल) मिलेगा।, लेकिन जिसने आपके लिए काँटे बोए थे, उसे अपने बुरे कर्मो का फल (त्रिशूल) मिलेगा।

4. निम्नलिखित पंक्तियों को पूरा कीजिए–

   क. जिंहि घर साधु न पूजिए, हरि की सेवा नाहिं।
      ते घर मरघट साखे, भूत बसै तिन माहिं।।

   ख. रूखा-सूखा खाइके, ठंडा पानी पीव।
      देखि पराई चुपड़ी मत ललचावै जीव।।

**भाषा-ज्ञान**

1. विलोम शब्द लिखिए–

क. फूल ख. भला ग. गरम घ. पास ङ. छाँव च. छोटा

2. पर्यायवाची शब्द लिखिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | फलित | फलीय | बीजकोष |
| ख. | राही | पथिक | बटोही |
| ग. | पेड़ | पादप | तरु |

**रोचक क्रियाकलाप**

स्वयं कीजिए।

---

**पाठ 14. जैसी करनी वैसी भरनी**

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–

क. लालू शरारती लड़का था।

ख. लालू के घर सुबह–सुबह ढेर सारे मेहमान आए।

ग. लालू का जन्मदिन था।

घ. आदत के अनुसार लालू ने साइकिल के अंजर–पंजर ढीले कर दिया।

ङ. पिताजी लालू के लिए उपहार में साइकिल लाए थे।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

क. लालू बड़ा ही शरारती लड़का था। अपने घर वालों के साथ–साथ वह पड़ोसियों को भी परेशान किया करता था। उसके घर में जब भी कोई नया मेहमान आता वह उसकी चीजें इधर–उधर कर देता था। कभी मेहमानों की चप्पल पड़ोसियों के घर के सामने रख देता कभी किसी पड़ोसी की साइकिल की हवा निकाल देता। सारा दिन उधम मचाते रहता। दोस्तों के नए खिलौने देता तो उन्हें तोड़ने की फिराक में लग जाता। उसकी मां उसे बहुत समझाती थी पर वह उनकी एक न सुनता था।

ख. लालू के घर पर मेहमान लालू का जन्मदिन मनाने आए थे।

ग. बहन उसे बार–बार बाहर की तरफ ले जाने के लिए उतावली हो रही थी। पिताजी ने हँसते हुए उसे बाहर जाकर अपना उपहार देखने के लिए कहा।

घ. लालू की आँखों से आसुओं की धारा बहने लगी उसे उसकी करनी का फल सूद समेत वापस मिल गया था। अपना जन्मदिन उसने अपने ही हाथों खराब कर दिया था। वह रोते हुए घर के अंदर गया और अपनी माँ से लिपट कर बहुत रोया फिर सबसे माफी माँगी और सबके सामने अपनी गलती को स्वीकार किया और आइंदा से किसी के साथ भी कोई शरारत नहीं करने की कसम खाई।

ङ. जैसा करोगे वैसा भरोगे।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

क. शरारती ख. पकवान ग. लालू घ. साइकिल

**भाषा–ज्ञान**

1. ऊपर दिए गए शब्द की तरह ही तीन शब्द लिखिए-

   यहाँ-वहाँ    अपना-पराया    दिन-रात

2. समान अर्थ वाले शब्द के गोले में रंग भरिए-

   क. नटखट    ख. आस-पास वाले    ग. भेंट

**रोचक क्रियाकलाप**

स्वयं कीजिए।

---

**पाठ 15. बारी-बारी आते मौसम**

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

   क. पसीना गरमियों में मई से जून तक के महीनों में आता है।

   ख. गरमी के दिनों में लंबी छुट्टियाँ मिलती है।

   ग. सावन के महीने में राखी (रक्षा-बंधन) का त्योहार आता है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

   क. गरमी के मौसम में स्कूल से लंबी छुट्टियाँ मिलती है और तथा आम और आम से बनी चीजें खाने के लिए मिलती हैं।

   ख. सरदी में हम लोग गरम कपड़े पहनते हैं। रात को रजाई ओढ़कर सोते हैं। सबको धूप अच्छी लगती है।

   ग. बरसात बंद होने के बाद ठंडी-ठंडी हवा चलने लगती है और धीरे-धीरे सरदी की ऋतु आ जाती है।

   घ. गरमी में नदी, तालाबों में पानी कम हो जाता है क्योंकि धूप तेज़ होती है। तेज़ धूप के कारण पानी सूख जाता है।

   ङ. सरदी कम होने पर बसंत ऋतु आ जाती है। फसलें पक जाती है। किसान अपनी पकी फसल देखकर फूले नहीं समाते।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

   क. छोटी    ख. लंबी    ग. रंग-बिरंगे फूल    घ. बसंत

4. पाठ के आधार पर बताइए, ऐसा कब होता है?

   क. गरमी में    ख. बसंत में    ग. बरसात में    घ. गरमी में    ङ. सरदी में

5. सोचिए और बताइए-

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रैल | मई | जून | जुलाई |
| 31 | 28-29 | 31 | 30 | 31 | 30 | 31 |
| अगस्त | सितंबर | अक्टूबर | नवंबर | दिसंबर | | |
| 31 | 30 | 31 | 30 | 31 | | |

**भाषा-ज्ञान**

1. 'जब' और 'तब' सही जगह लिखकर वाक्य पूरे कीजिए-

   क. जब, तब    ख. जब, तब    ग. जब, तब    घ. जब तब

2. पढ़िए, समझिए और खाली स्थानों को भरिए–

क. ऋतु ऋषभ ऋतु

गृह मृत धृत

ख. पङ - पंडित अन्त - अंत कम्बल - कंबल

3. समान अर्थवाले शब्द लिखिए–

क. मौसम ख. पर ग. रवि घ. पेड़ ङ. भोर च. किताब

छ. उपवन ज. गगन

4. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों को भरिए–

क. रंग-बिरंगे ख. पीली ग. ठंडी घ. काले ङ. हरी च. साफ

**रोचक क्रियाकलाप**

स्वयं कीजिए।

---

**पाठ 16. गीदड़ का कलेजा**

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–

क. जंगल का नाम सुंदरवन था।

ख. गीदड़ भटकता हुआ आ पहुँचा।

ग. सभी जानवर शेर का सम्मान करते थे।

घ. खरगोश जंगल का वैद्य था।

ङ. राजा के मित्र का नाम चीता था।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

क. एक बड़ा ही खूबसूरत जंगल था जिसका नाम सुंदरवन था। जंगल में हाथी, भालू, हिरण, खरगोश, चूहा, गिलहरी आदि छोटे-बड़े सभी जानवर आपस में मिलजुल कर खुशी से रहते थे।

ख. जंगल का राजा शेर बहुत दयालु था।

ग. एक दिन दूसरे जंगल से एक गीदड़ भटकता हुआ सुंदरवन में आ गया। सुंदरवन की खूबसूरती उसे भा गई। धीरे-धीरे वह यहाँ के जानवरों के साथ मेलजोल बढ़ाने लगा। वह सभी से मीठी-मीठी बातें करता और धर्मात्मा बना फिरता। लेकिन वह ऊपर से जितना भोलाभाला दिखता था अंदर से उतना ही दुष्ट और कपटी था।

घ. खरगोश ने कहा कि कल सूर्योदय से ठीक पहले राजा को गीदड़ का ताजा कलेजा खिलाना होगा तभी राजा पूरी तरह से स्वस्थ होंगे। परंतु......। परंतु क्या?'' इस बार चीता ज़ोर से गुर्राया। खरगोश डरते-डरते पर गंभीर होकर बोला-गीदड़ का कलेजा लाते समय यह ध्यान रखना होगा की वह गीदड़ स्वभाव से धर्मात्मा हो।

ङ. एक दिन हाथी से मिला तो उससे बात किए बिना मुँह घुमा कर चला गया। फिर एक दिन गीदड़ हाथी से मिला और कहने लगा- 'जंगल के सभी छोटे जानवर तुम्हारा मज़ाक उड़ाते हैं कहते हैं हाथी बड़ा ही आलसी है और उसकी नाक बड़ी भद्दी है।

च. जंगल के सभी जानवर राजा शेर से इसलिए डरने लगे क्योंकि गीदड़ ने सभी जानवरों के मन गलत बात बिठा दी थी शेर क्रूर है।

3. सही के सामने (✓) और गलत के सामने (✗) का निशान लगाइए–

क. ✓ ख. ✗ ग. ✗ घ. ✓ ङ. ✗

**भाषा–ज्ञान**

निम्नलिखित चिह्नों के जरिए वाक्य बनाइए–

क. सभी जानवर मिलजुल कर रहते थे।

ख. जंगल में हाथी, भालू, हिरण, खरगोश, गिलहरी आदि जानवर रहते थे।

ग. जंगल का राजा कौन था?

घ. ''इस बार चीता ज़ोर से गुर्राया।''

**रोचक क्रियाकलाप**

स्वयं कीजिए।

---

## पाठ 17. मदर टेरेसा

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–

क. 'मदर टेरेसा' का जन्म 27 अगस्त, 1910 को यूगोस्लाविया के स्कॉपजे नगर में हुआ था।

ख. इनका बचपन का नाम एग्नेस वोजाक्साऊ था।

ग. 18 वर्ष की आयु में 1929 में वे कोलकाता के सेंट मार्गरेट स्कूल में भूगोल की अध्यापिका बनीं।

घ. कोलंबो तंजानिया, रोम, ऑस्ट्रेलिया, न्यूयार्क, लंदन आदि स्थानों में 'मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी' की अनेक शाखाएँ खोली गई।

ङ. 1979 में शांति के लिए 'नोबल' शांति पुरस्कार' प्रदान किया

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

क. मदर टेरेसा की बचपन से ही उनकी इच्छा थी कि वे नन बनकर देश–विदेश के लोगों की सेवा करे।

ख. एक बार गरमी की छुट्टियों में दार्जिलिंग जाते समय वे कोलकाता की गंदी बस्तियों से गुजरीं। कोलकाता की गंदी बस्तियों में रहने वाले लोगों की करुण पुकार उनके कानों में गूँज रही थी। उन्होंने उसी समय निश्चय किया कि वे अब अपने देश वापस नहीं जाएँगी।

ग. मदर टेरेसा ने कोलकाता में 'निर्मल हृदय' तथा 'फर्स्ट लव' नामक जन कल्याण संस्थाएँ खोलीं।

घ. मदर टेरेसा के पास अपनी कोई निजी संपत्ति नहीं थी, किंतु हज़ारों अनाथ बच्चों, लाखों रोगियों तथा हज़ारों कुष्ठ रोगियों को वे अपनी संपत्ति मानती थीं। संसार में व्याप्त यही उनकी अमूल्य संपत्ति थी।

ङ. दीन दुखियों की सेवा ही प्रभु (भगवान) की सेवा है।

3. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए–

क. यूगोस्लाविया में ख. 20 वर्षो तक ग. 50 वर्षो तक घ. 5 सितंबर 1997

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

क. यूगोस्लाविया ख. संपत्ति ग. अमूल्य ङ. क्षति

**भाषा-ज्ञान**

1. विलोम शब्द लिखिए–

क. बुढ़ापा ख. पराया ग. मृत्यु घ. मृत ङ. अपूर्ण च. अमीर

2. पर्यायवाची शब्द लिखिए–

क. माँ जननी अम्मा ख. संसार दुनिया जगत ग. स्त्री महिला औरत

3. दिए गए शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए–

क. मदर टेरेसा ने कुछ जनकल्याण संस्थाएँ खोलीं।

ख. मेहनत करने पर पढ़ाई सार्थक सिद्ध होती है।

ग. सन् 1962 में उन्हें भारत सरकार ने 'पदम श्री' की उपाधि प्रदान की।

घ. वह अनाथ बच्चों की सेवा करती थी।

4. उचित विशेषण लगाइए–

क. चिलचिलाती ख. दयालु ग. सुंदर घ. पीड़ित ङ. बढ़िया च. आकर्षक

**रोचक क्रियाकलाप**

इन महिलाओं को पहचानिए और उनके नाम लिखिए–


श्रीमती इंदिरा गाँधी


मैरी कॉक


लता मंगेश्कर


प्रतिभा पाटिल

---

**पाठ 18. गुब्बारे**

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–

क. गुब्बारे लेकर शमशेर आया है।

ख. हरे, बैंगनी, लाल, सफेद रंग के गुब्बारे।

ग. गुब्बारों का लंबा, गोल आकार है।

घ. कविता के कवि हरविंशराय बच्चन हे।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

क. मुट्‌ठी में डोर लेकर चारों ओर घुमाने की बात हो रही है।

ख. लेकिन डोर को संभलकर पकड़े की बात कही गई है अगर जोर से पकड़ोगे तो हाथ कटने से परेशानी होगी।

ग. गुब्बारों को देखकर बच्चे अधिक खुश होते हैं। क्योंकि बच्चों को गुब्बारों से अधिक लगाव होता है।

3. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए–

क. गुब्बारों ख. रंगों ग. हाथों घ. शोर

4. 'हाँ' या 'नहीं' में उत्तर दीजिए–

क. ✗ ख. ✗ ग. ✗ घ. ✓ ङ ✓

**भाषा-ज्ञान**

1. इसी तरह आप भी निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया भरिए–

क. जाती ख. पढ़ता ग. खाती घ. नहाता ङ. दहाड़ता

2. नीचे दिए गए वाक्यों में सही संबंधबोधक शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–

क. के बल बूते ख. के बिना ग. के सामने घ. से आगे ङ. के बावजूद

3. शब्द-संकेतों की सहायता से शब्द-पहेली पूरी कीजिए–

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1. उ | | 4. हा | | | |
| 2. उ | प | हा | र | | | 7. मि |
| | स्थि | | | 6.5.→ ↓ स्व | तं | त्र |
| | 3. त | र्क | | र | | |

**रोचक क्रियाकलाप**

स्वयं कीजिए।

---

**पाठ 19. ओणम त्योहार**

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–

क. त्योहार हमारे जीवन में उत्साह और उल्लास भर देते हैं।

ख. दक्षिण भारत के केरल राज्य में श्रवण मास में मनाया जाता है।

ग. भगवान विष्णु राजा महाबलि के पास पहुँचे और तीन पग भूमिमाँगी।

घ. ओणम का दूसरा दिन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, इसे 'तिरुओणम' कहते है।

ङ. स्वयं कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

क. पुराने सम की बातें है, केरल में महाबलि नाम के एक राजा थे। वे अत्यंत पराक्रमी, दयालु और दानी थे।

ख. देवरज इंद्र भगवान विष्णु के पास पहुँचे और उन्हें अपनी चिंता का कारण बताया। विष्णु जी ने इंद्र को सहायता देने का वचन दिया और वामन अवतार धारण कर राजा महाबलि की परीक्षा लेने चल दिए। भगवान विष्णु महाबलि के दरबार में पहुँचे और उनसे तीन पग भूमि माँगी। महाबलि मुस्कुराकर बोले– ''बाह्मण देवता आप जहाँ चाहें वहाँ तीन पग भूमि ले सकते हैं। आज्ञा कीजिए, आपको भूमि कहाँ चाहिए?'' यह सुनकर भगवान विष्णु ने अत्यंत विशाल रूप धारण किया और दो ही कदमों में पृथ्वी लोक और स्वर्ग लोक को नाप लिया। फिर वे बोले– ''राजन! मैं तीसरा पग

कहाँ रखूँ? महाबलि ने अपना सिर झुका दिया। विष्णु जी ने ज्यों ही अपना पैर महाबलि के सिर पर रखा, वे पाताल लोक में जो पहुँचे। भगवान विष्णु ने उन्हें पाताल का राज्य दे दिया। राजा महाबलि को अपनी प्रजा का मोह सताने लगा। उसी समय महाबलि ने भगवान विष्णु से प्रर्थाना की– ''भगवन्! आप मुझे हर वर्ष अपनी प्रजा से मिलने की अनुमति दे दें तो बड़ी कृपा होगी।'' भगवान विषणु ने प्रार्थना स्वीकार कर ली।

ग. महाबलि ने अपना सिर झुका दिया। विष्णु जी ने ज्यों ही अपना पैर महाबलि के सिर पर रखा, वे पाताल लोक में जो पहुँचे। भगवान विष्णु ने उन्हें पाताल का राज्य दे दिया। राजा महाबलि को अपनी प्रजा का मोह सताने लगा। उसी समय महाबलि ने भगवान विष्णु से प्रर्थाना की– ''भगवन्! आप मुझे हर वर्ष अपनी प्रजा से मिलने की अनुमति दे दें तो बड़ी कृपा होगी।'' भगवान विषणु ने प्रार्थना स्वीकार कर ली।

घ. केरलवासियों का यह दृढ़ विश्वास है कि प्रत्येक वर्ष महाबलि 'तिरूओणम' के दिन केरल राज्य में अपनी प्रजा से मिलने आते हैं। इसलिए केरलवासी अपने राजा के स्वागत के लिए 'ओणम' का त्योहार मनाते हैं।

ङ. ओमण आनंद और उल्लास के साथ पाँच दिनों तक मनाया जाता है। रंग-बिरंगे फूलों से प्रवेश द्वार और घर का आँगन सजाया जाता है। लोग विष्णु और महाबलि की मूर्तियों को चावल के आटे और पुष्पों से सजाते हैं। रात्रि में इन मूर्तियों का पूजन किया जाता है।

3. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए–

क. दक्षिण ख. तीन पग भूमि ग. दो पगो में घ. ओणम ङ. पाँच दिन

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

क. उत्साह और उल्लास ख. ओणम ग. वामन घ. तिरुओणम ङ. सर्पाकार

5. सही कथा के आगे (✓) तथा गलत कथन के आगे (✗) का निशान लगाइए–

क. ✗ ख. ✗ ग. ✓ घ. ✓ ङ. ✓

6. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–

क. त्योहार हमारे जीवन में उत्साह और उल्लास भर देते हैं।

ख. सर्पाकार नौका दौड़ को देखने दूर-दूर से पर्यटक आते है।

ग. सब सामूहिक गीतों में भाग लेने जाते है।

**भाषा-ज्ञान**

1. ऐसे ही कुछ शब्द लिखिए–

एकवचन – महिला, कला, दवा, कविता

बहुवचन – महिलाएँ कलाएँ दवाएँ, कविताए

कारक सहित – महिलाओं को, कलाओ का, दवाओं से, कविताओं का

2. सही शब्द पर गोला (○) लगाइए–


क. पराक्रमी ख. पर्यटक ग. महाबलि घ. हर्षोल्लास ङ. मध्याह्न

3. समान अर्थ वाले शब्दों पर गोला (○) लगाइए–

क. महीना ख. सम्राट ग. प्रभु

**रोचक क्रियाकलाप**

दिए गए त्योहार पहचानकर उनके नाम लिखिए–


दशहरा


दीपावली


गणेश चतुर्थी


ईद


क्रिसमस


होली

**अनुभवात्मक शिक्षा**

स्वयं कीजिए।

---

## पाठ 20. गेहूँ की बेटी

**अभ्यास**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए–
   - क. रोटी के पीछे सारी दुनिया भाग रही है।
   - ख. रोटी तवे पर लेटी है।
   - ग. रोटी का आकार गोल होता है।
   - घ. रोटी गेहूँ की बेटी है।
2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–
   - क. सारे रोगों की एक दवा रोटी को कहा गया है। रोटी न मिलने पर भूखा व्यक्ति मर सकता है।
   - ख. रोटी खाने से शरीर में चुस्ती और ताकत आती है, इसलिए इसे ताकत की पेटी कहा गया है।
   - ग. गेहूँ के अलावा हम मक्का, ज्वार, रागी, बाजरा आदि अनाजों से बने आटे की रोटी खाते हैं।

**भाषा-ज्ञान**

1. तुक वाले शब्द लिखिए–

   क. नैया    ख. चाब    ग. दंगा    घ. चोटी
2. शब्द के अर्थ चुनकर लिखिए–

   क. विश्व    ख. प्यारी    ग. प्यार    घ. तिरस्कार
3. स्वयं कीजए।

**रोचक क्रियाकलाप**

स्वयं कीजिए।